श्रमिकों की उपलब्धियों का सम्मान करने हेतु बिरला स्कूल में मनाया गया श्रमिक दिवस

“श्रम की शक्ति से चलता संसार

श्रम है जीवन का आधार “

हर साल की तरह इस साल भी बिरला पब्लिक स्कूल गंगानगर में 1 मई 2023 को श्रमिक दिवस का आयोजन किया गया । श्रमिक हमारे समाज का एक महत्तवपूर्ण अंग है जिस पर सारी आर्थिक स्थिति टिकी हुई होती है । आज के यांत्रिक युग में भी इनकी पहचान कम नही हुई । यह वास्तव में एक ऐसा विशिष्ट कार्यबल है जो सबकी भलाई और बेहतर जीवन के लिए कार्य करता है । जिस राष्ट्र एवं संस्था में श्रमिक एवं उसके श्रम का सम्मान होता है वह उन्नति के शिखर पर होता है ।

इस दिन के विशेष अवसर पर विद्यार्थियों ने दीदी-भैया को अपना धन्यवाद प्रेषित करते हुए उन्हें सुंदर-सुंदर कार्ड भेंट किये तथा विद्यालय के नन्हे-मुन्नों ने श्रमिकों का महत्तव बताते हुए रोल प्ले किया । सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने उनका धन्यवाद आभार व्यक्त करते हुए उनके लिए कुछ पंक्तियाँ गुनगुनाई । समस्त सपोर्ट स्टाफ के लिए विद्यालय प्रांगण में नाश्ते का प्रबंध किया गया था ।

विद्यालय की प्रधानाचार्या जी ने समस्त सपोर्ट स्टाफ को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इन्ही लोगों से हमे प्रेरणा लेनी चाहिए कि किस प्रकार हर परिस्थिति में अपनी सेवा एवं अपना योगदान देना चाहिए । उन्होंने विद्यार्थियों को सन्देश देते हुए कहा कि मेहनत करना हम सभी का धर्म है और मेहनत करने से हमे पीछे नहीं हटना चाहिए । महान परिश्रम के बिना कोई महान कृति की रचना नहीं हो सकती अर्थात ईश्वर ने भी इस खूबसूरत मनुष्य जीवन की रचना करने में खूब परिश्रम किया होगा । अत: परिश्रम ही जीवन की आधारशिला है । हमे निरंतर गतिशील रहते हुए प्रयास और परिश्रम करते रहना चाहिए ।